# Baba Baruadas PG College

Paruiya Ashram , Ambedkar Nagar U.P. 224159

Affiliated from Ram Manohar Lohia Awadh University- Ayodhya

Mob: +91- 7505693338 || Email Id: bababaruadas@gmail.com || Website : www.bbdpgcollege.org.in


## अवध विश्वविद्यालय - कुलगीत

यही है ज्ञान का मन्दिर, कला–विज्ञान का मन्दिर।
हमारा विश्वविद्यालय, अवध की शान का मन्दिर।।
यही है गंगा, यही यमुना, यही है भारती भास्वर।
त्रिवेणी है यही अपनी मिले हैं सत्य, शिव, सुन्दर।
यही तीरथ, यही संगम, यही भगवान का मन्दिर।
यही है ज्ञान का मन्दिर.....अवध की शान का मंदिर।
हिमालय से उतर सरयू , बहाती पुण्य की धारा।
लुटाता ज्योति का सोना, जहाँ सूरज थका हारा।
जहाँ श्रीराम का घर है, जहाँ हनुमान का मन्दिर।
वहीं यह ज्ञान का मन्दिर...अवध की शान का मंदिर।
कथा रघुवंश की कहते, जहाँ के धूलि के कण–कण।
जहाँ थी राजधानी राम के, साम्राज्य की पावन।
वहीं पर है बना यह राष्ट्र के उत्थान का मन्दिर।
यही है ज्ञान का मन्दिर.......अवध की शान का मन्दिर।
कभी गूँजी जहाँ पर बौ)–जैनों की अमर वाणी।
नवाबों और मुगलों की, कला को भूमि कल्याणी।
यही काबा, यही काशी, यही इन्सान का मन्दिर।
यही है ज्ञान का मन्दिर.......अवध की शान का मन्दिर।
अमर शिल्पी हुआ तुलसी, बनाकर काव्य की पुष्कर।
बने सोपान जिसमें सात सुन्दर चार घाटों पर।
जहाँ निर्मित हुआ यह राम के आख्यान का मन्दिर।
वहीं यह ज्ञान का मन्दिर.......अवध की शान का मन्दिर।
यही है सत्य का मन्दिर, यही है न्याय का मन्दिर।
यहीं तप–त्याग का गुरूकुल, यही स्वाध्याय का मंदिर।
शिखर यह शम्भु के कैलाश का कल्याण का मन्दिर।
यही है ज्ञान का मन्दिर.......अवध की शान का मन्दिर।